# बिहार सरकार
## स्वास्थ्य विभाग
## आदेश

पटना, दिनांक– 11.01.25

संoसंo–17/विविध–01–207/2024 ....40(17).... बिहार सयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद्, पटना द्वारा अनुशंसित निम्नाकित चिकित्सकों को सीनियर रेजीडेन्ट/ट्यूटर तथा बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा भर्ती, नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली–2008 एव (संशोधन) नियमावली, 2013 में निहित प्रावधानों के आलोक मे राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालो मे सीनियर रेजिडेन्ट/ट्यूटर के तीन वर्षीय टेन्योर पदों पर नियुक्त एव पदस्थापित किया जाता है:–

| [F.M.T.-DEGREE] | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.NO. | REG NO. | NAME | CAT | SELECTION CAT | DOB | SEX | BHS | POSTING PLACE |
| 1 | 9240000064 | VISHAL SHEKHAR | ST | UR | 07-01-1979 | M | BHS | JLNMCH, Bhagalpur |
| 2 | 9240000037 | SANDEEP KUMAR SINHA | UR | UR | 27-09-1985 | M | BHS | PMCH Patna |
| 3 | 9240000272 | SHABBIR AHMAD CHOUDHARY | UR | UR | 02-08-1981 | M | BHS | NMCH Patna |
| 4 | 9240000563 | SHASHANK RANJAN | UR | UR | 23-09-1990 | M | BHS | NMCH Patna |
| 5 | 9240000477 | RANJEET KUMAR | BC | UR | 08-11-1979 | M | BHS | SKMCH, Muzaffarpur |
| 6 | 9240000125 | KUNAL BABU | SC | UR | 23-03-1994 | M | BHS | ANMMCH, Gaya |

2. यह नियुक्ति मात्र तीन वर्षो के लिए होगी।
3. EWS कोटि में अभ्यर्थियों का चयन, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए आरक्षण अधिनियम, 2019 के नियम–11 के अन्तर्गत किया गया है।
4. सीनियर रेजिडेन्ट/ट्यूटर के तीन वर्षीय टेन्योर रिक्त पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई विहित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए की जा रही है। अतएव इनका पदस्थापन चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों मे सीनियर रेजिडेन्ट/ट्यूटर के तीन वर्षीय टेन्योर रिक्त पदो के अधीन माना जायेगा।
5. बिहार स्वास्थ्य सेवा सवर्ग के चिकित्सको को जो वेतन एवं भत्ता पूर्व से प्राप्त हो रहा है वही वेतन एवं अनुमान्य भत्ता टेन्योर पदो पर पदस्थापन अवधि में देय होगा तथा वेतन से की जा रही कटौतियॉ नियमानुसार की जायेगी।
6. बिहार स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के चिकित्सकों को छोडकर अन्य सभी बाह्य चिकित्सको को वेतनमान, वेतन लेवल–9 एव अन्य अनुमान्य भत्ते सहित देय होगा एवं कटौतियॉ स्वास्थ्य विभागीय पत्रांक–22(1) दिनांक–11.01.2024 में दिये गये दिशा–निर्देशों के तहत की जायेगी।
7. टेन्योर अवधि की समाप्ति के उपरांत वैसे पदधारक जो बिहार स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के चिकित्सक हैं, वे विरमित होने के उपरात स्वास्थ्य विभाग में योगदान समर्पित करेगे। बाह्य चिकित्सक टेन्योर अवधि समाप्ति के पश्चात् उस टेन्योर पद अथवा किसी अन्य पद पर लगातार बने रहने का दावा नहीं कर सकेंगे।
8. नवनियुक्त सीनियर रेजिडेंट को निदेशित किया जाता है कि वे अपने नवपदस्थापित स्थान पर **अधिकतम 15 दिनों के अन्दर** अनिवार्य रूप से योगदान कर कार्यभार ग्रहण कर लेगे। योगदान के समय वाछित प्रमाण–पत्र यथा मूल शपथ–पत्र/विभागीय अनापत्ति प्रमाण–पत्र/विरमन पत्र आदि अपने सबंधित चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के प्राचार्य/अधीक्षक को समर्पित करेंगे। प्राचार्य/अधीक्षक द्वारा उनकी शैक्षणिक अर्हता सहित अन्य प्रमाण पत्रो की जॉच करने के उपरान्त योगदान स्वीकार करेगे।

11/01/2025

9. किसी विभाग में सीनियर रेजिडेंट के स्वीकृत पद के विरूद्ध अतिरेक पदस्थापन होने की स्थिति मे उक्त संस्थान के अन्य विभाग में सीनियर रेजिडेंट/ट्यूटर के रिक्त पद के विरूद्ध वेतन भुगतान की कार्रवाई की जायेगी।

10. नवनियुक्त सीनियर रेजिडेंट यदि योगदान के उपरांत किसी कारणवश टेन्योर अवधि पूर्ण होने के पूर्व पद–त्याग करना चाहते हों तो 03 माह पूर्व प्राचार्य/अधीक्षक के माध्यम से अपना आवेदन विभाग में समर्पित कर अनुमति प्राप्त करना होगा।

11. नवनियुक्त सीनियर रेजिडेंट/ट्यूटर यदि **लगातार 15 दिनों से अधिक** दिनो तक अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते है, तो उनका टेन्योर समाप्त समझा जायेगा।

12. इसमे सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
**(रेणु कुमारी)**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

**ज्ञापांक :–17/विविध–01–207/2024** – 40(17) पटना/दिनांक– 11.01.25

**प्रतिलिपि** :– महालेखाकर (ले0 एवं ह0), बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार, पटना/ संबधित सभी जिला कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी संबंधित जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– प्राचार्य/अधीक्षक, सभी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– सभी सिविल सर्जन, बिहार/राज्य के संबधित चिकित्सा सस्थानों के अधीक्षक/उपाधीक्षक/निदेशक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– माननीय मत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सभी अपर सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा 02, 03, 07, 08, 09 एवं 18A स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– सभी संबधित सीनियर रेजिडेट/ट्यूटर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– आई0 टी0 मैनेजर/प्रोग्रामर स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Renu Kumari
11/01/2025
विशेष कार्य पदाधिकारी।